सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून/नई दिल्ली 12 जुलाई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट कर देश व प्रदेश के समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि भारत की एकता और अखंडता को प्रदर्शित करने के उत्सव के रूप में मनाए जा रहे ''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' अभियान के अंतर्गत राजभवन उत्तराखण्ड में पिछले वर्ष सभी राज्यों का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया है, और इस वर्ष से दूसरा चक्र भी प्रारम्भ हुआ है। साथ ही राष्ट्रपति को जानकारी दी कि टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत उत्तराखण्ड में 5 हजार से अधिक गांवों में द्रुत गति से कार्य किया जा रहा है जिसकी प्रगति संतोषजनक है। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों की उन्नति के लिए नवाचार युक्त प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को नैनीताल राजभवन के 125 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नैनीताल राजभवन एवं मानसखण्ड भ्रमण हेतु आमंत्रित किया और नैनीताल राजभवन के गौरवशाली 125 वर्षों की यात्रा पर आधारित कॉफी टेबल बुक व लघु फिल्म एवं राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव–2024 पर आधारित कॉफी टेबल बुक भी भेंट की।

............0............